**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- अगस्त, 2022

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**: **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श/विलंब आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले आदि**: शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामलों की संख्या**: शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**: शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):** परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:** मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:** समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:** इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**: इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** : लागू नहीं।

*******

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ जितेंद्र सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आईएमडी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ जितेंद्र सिंह ने 12 अगस्त, 2022 को चेन्नई बंदरगाह पर सागर अन्वेषिका का दौरा किया और 'हर घर तिरंगा, हर जहाज तिरंगा' के भाग के रूप में जहाज पर तिरंगा फहराया।
- सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा संपूर्ण तटीय सूचना प्रदान करने के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली, डिजिटल कोस्ट - इंडिया (DCOIN) का 4 अगस्त 2022 को उद्घाटन किया गया।
- "रिकेपिटूलेटिंग एंड रि-फ्यूलिंग इंडो-नॉर्वे कॉओपरेशन इन ओशन स्पेस " के संबंध में भारत-नार्वे पहल की बैठक 3 अगस्त 2022 को आयोजित की गई थी। इस बैठक में भारत में नॉर्वे के राजदूत,महामहिम श्री हंस जैकब फ्राइडेनलंड, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, डॉ एम. रविचंद्रन, निदेशक एनआईडब्ल्यूई, एनआईओटी, और एनसीसीआर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
- तटीय सुरक्षा उपायों के लिए एनआईओटी और जल संसाधन विभाग, ओडिशा सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर 10 अगस्त 2022 को हस्ताक्षर किए गए।
- दक्षिण पश्चिम मानसून ऋतु , 2022 के उत्तरार्ध (अगस्त से सितंबर तक की अवधि) के दौरान, पूरे देश में वर्षा के सामान्य (दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का 94 से 106%) होने की पूरी संभावना है।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

<u>न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;</u>

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 7.6 मिलियन किसान सीधे ही परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**<u>वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क</u>**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *425<br>(803-378) | 6 | 425 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | 571**<br>(1382-811) | -- | 571 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 187 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू (रेडियो सोंडे/रेडियों वायु) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार (DWR) | *** 32 | -- | 25 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 02 | -- | 02 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 14 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 15 |
| वायुगुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सफर) | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 10 (दिल्ली)<br>शून्य (मुंबई)****<br>10 (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग | --- | -- | 3084 |
| विमानन | 79 | -- | 79 |
| रेडिएशन स्टेशन | 46 | --- | 46 |

*कुल 803 में से 378 पुराने हैं।
**कुल 1382 में से 811 पुराने हैं।
***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दो डॉप्लर मौसम रडार सहित।
**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

अगस्त, 2022 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान डीआरडीओ तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए।

**मासिक मौसम सारांश (अगस्त 2022)**

**क) माह के दौरान मौसम की महत्वपूर्ण घटनाएं**

<u>निम्न दबाव प्रणालियां:</u>

महीने के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर चार निम्न दबाव के क्षेत्र बने। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी (बंगाल की खाड़ी) और आस-पास के क्षेत्र पर एक चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में, एक कम दबाव का क्षेत्र बना और यह 9-10 अगस्त के दौरान तटीय ओडिशा और आस-पास के क्षेत्र पर एक अवदाब में केंद्रित रहा। सौराष्ट्र और उससे सटे पूर्वोत्तर अरब सागर (अरब सागर) के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना और यह 12-13 अगस्त के दौरान पूर्वोत्तर AS पर एक अवदाब में केंद्रित रहा। एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तरी बंगाल की खाड़ी पर बना है और यह 14-16 अगस्त के दौरान उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी और पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के आसपास के तटीय क्षेत्रों में एक अवदाब में केंद्रित हो गया। दक्षिण म्यांमार और पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में, एक कम दबाव का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्व और आसपास के क्षेत्रों में बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में पूर्वोत्तर और पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के आस-

पास के क्षेत्रों में कम दवाब का क्षेत्र बना और यह 19-23 अगस्त के दौरान पश्चिमोत्तर और उससे सटे पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी पर एक अवदाब में केंद्रित रहा। इन प्रणालियों से मध्य, प्रायद्वीपीय भारत और राजस्थान में व्यापक से व्यापक वर्षा हुई।

पश्चिमी विक्षोभ:
चार पश्चिमी विक्षोभों ने माह के दौरान पश्चिमोत्तर भारत को प्रभावित किया और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बहुत भारी/अत्यधिक भारी वर्षा के साथ-साथ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में व्यापक से व्यापक वर्षा और आंधी आई।

मानसून ट्रफ:
हिमालय की तलहटी की पहाड़ियों के पास मॉनसून ट्रफ की स्थिति ने महीने के दौरान पूर्वोत्तर भारत और इससे सटे उप हिमालयी पश्चिम बंगाल में व्यापक वर्षा / गरज के साथ आंधी आई।

**ख) वर्षा परिदृश्य:** अगस्त, 2022 माह में, पूरे देश में 263.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो इसके दीर्घावधि औसत (LPA) 254.9 मिमी. का 103 % है।

**ग) भारी वर्षा की घटनाएं:**

| **समयावधि जिसके लिए चेतावनी जारी की गई** | **भारी / बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (> 64.4 मिमी): 330** |
|---|---|
| | **64.4 मिमी से अधिक वर्षा के लिए प्रतिशत सुधार (% में)** |
| दिन 1/24 घंटे | 76 |
| दिन 2/48 घंटे | 74 |
| दिन 3/72 घंटे | 74 |

**घ) तापमान परिदृश्य:** अगस्त, 2022 माह में देश में समग्र रूप से औसत तापमान 27.94 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य तापमान से +0.39 डिग्री सेल्सियस अधिक था। माह के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 30 अगस्त , 2022 को चुरू (पश्चिमी राजस्थान) में अधिकतम तापमान 39.4 $^0$C दर्ज किया गया और 28 अगस्त, 2022 को तिरुपत्तूर (तमिलनाडु) में निम्नतम न्यूनतम तापमान 17.6$^0$C दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:** माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को भारतीय मानक समय 08: 30 तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| **क्र. सं.** | **क्षेत्र** | **गरजने की घटनाएँ** | **ओलावृष्टि की घटनाएं** | **झोंकेदार हवाएँ** | **धूल भरी आंधी** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिण प्रायद्वीप भारत | 26 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | पश्चिमोत्तर भारत | 31 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | पूर्वोत्तर भारत | 31 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | पूर्वी भारत | 30 | शून्य | 7 {पोर्ट ब्लेयर -3 (3,4 और 8 अगस्त को), अलीपुर -3 (9,13 और 19 अगस्त को), दीघा-1 (19 अगस्त को)} | शून्य |
| 5. | मध्य भारत | 26 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 6. | पश्चिम भारत | 10 | शून्य | शून्य | शून्य |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनियां /प्रेस विज्ञप्तियां:**
अखिल भारतीय मौसम बुलेटिन- 124 , अखिल भारतीय मौसम अनुमान और प्रतिकूल मौसम चेतावनियां- 124, अखिल भारतीय साप्ताहिक मौसम रिपोर्टें-4, दक्षिण पश्चिम मानसून 2022 के लिए विशेष दैनिक मौसम रिपोर्ट-31, वर्तमान मौसम की स्थिति और अगले दो सप्ताह के लिए आउटलुक:- 4, चक्रवात उत्पत्ति के लिए विस्तारित अवधि आउटलुक:-4, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए जारी पर्वत मौसम बुलेटिन- 62,

माउंट कामेट चोटी पर अभियान के दौरान भारतीय सेना (एएडब्ल्यू) के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर के आपदा प्रबंधन के लिए 58 राष्ट्रीय बुलेटिन। अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन जारी किया गया:- 8, माउंट नन चोटी पर अभियान के दौरान भारतीय सेना के लिए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन :- 11,समुद्री मौसम बुलेटिन:-62, प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट दिशानिर्देश बुलेटिन-31, माह के दौरान जारी कुल प्रेस विज्ञप्तियां-39,विशेष बुलेटिन जारी किए गए।

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें :**

i) जुलाई 2022 माह के लिए ईएनएसओ बुलेटिन और जुलाई से अक्टूबर 2022 की अवधि के लिए दक्षिण एशिया के लिए मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किए गए।
(त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)

**भूकंप विज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | लक्ष्य | चालू किए गए | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 115 | 152 | 125 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप: भारतीय क्षेत्र में 101 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 1 भूकंप की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।
सुनामी**:** सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाला 1 समुद्र तलीय भूकंप (M>6) आया। यह सूचना इस घटना के 12 मिनट पहले प्रदान की गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | लक्ष्य | अगस्त , 2022 तक चालू किए गए | अगस्त , 2022 के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 200 | 374 | 60 |
| मूरेड बुवॉय | 16 | 19 | 11 |
| टाइड गेज | 36 | 36 | 31 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 12 | 8 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करेंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 4 | 7 | 2 |
| वेव राइडर बुवॉय | 23 | 16 | 11 |

*शेष फ्लोट्स / ड्रिफ्टर्स ने अपना जीवन काल पूरा कर लिया, इसलिए उनसे कोई डेटा प्राप्त नहीं हो रहा है।

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| संख्या | पूर्वानुमानों के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एकीकृत संभावित मत्स्यन क्षेत्र (PFZ) परामर्शिका (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 30 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 6 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहर, पवन, धाराएं, एसएसटी (समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 31 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 31 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 10 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- मंत्रालय के अभियान “स्वच्छ सागर - सुरक्षित सागर” के अंग के रूप में अगस्त माह में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।
- आजादी का अमृत महोत्सव तथा सुदृढ़ आत्मनिर्भर भारत का जश्न मनाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित 75 इंडस्ट्री कनेक्ट्स (iConnects) ईवेंट्स के अंग के रूप में इंकॉइस ने दिनांक 3 अगस्त, 2022 को 'इकोलाजी एन्वायरमेंट, अर्थ एंड ओशन साइंस एंड वाटर' नामक विषय के अन्तर्गत आयोजित 'ओशन आब्जरवेशन्स, इन्फोर्मेशन एंड एडवायजरी सर्विसज' पर एक iConnect ईवेंट आयोजित की। हाइब्रिड मोड में आयोजित ईवेंट में लगभग 150 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। IITM ने दिनांक 12 अगस्त, 2022 को 'वेदर फोरकास्ट फोर रिन्यूवेबल एनर्जी जेनेरेशन' पर iConnect ईवेंट आयोजित की।
- इंकॉइस ने गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप द्वीपसमूह, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, एवं अंडमान एवं निकोबार के लिए एक सौ छब्बीस (126) हाई वेव / स्वेल सर्ज (अलर्ट / चेतावनी) जारी की।
- दिनांक 27 जून, 2022 को ओमान के तट पर (16 Deg 41.39 N 054 Deg 06.10 E) अंतिम बार देखे जाने के बाद गायब हो जाने वाली बोट के बारे में पता लगाने के लिए भारतीय तट रक्षक (ICG) ने इंकॉइस से अनुरोध किया कि वे खोज एवं बचाव सहायता टूल (SARAT) की सहायता से उस बोट का पता लगाएं। इस अनुरोध के अनुरूप इंकॉइस ने SARAT टूल का प्रयोग करते हुए बताया कि वह बोट संभावित रूप से महाराष्ट्र के तट के आसपास है।
- इक्कतीस (31) दिनों की अलगल ब्लूम सूचना सेवा जारी की गई थी, तथा इंकॉइस ने 1 दिवसीय अलर्ट सृजित किया।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजित कर रहा है, तथा इन समारोहों के हिस्से के रूप में अगस्त 2022 माह के दौरान वर्चुअल व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की गई। इस माह के दौरान विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने IITM का दौरा किया।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इसके संस्थानों ने दिनांक 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस मनाया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिनांक 1 अगस्त, 2022 को वर्चुअल मोड में आयोजित एक प्रेस सम्मेलन के माध्यम से अगस्त 2022 तथा मॉनसून मौसम के उत्तरार्ध हेतु दक्षिणपश्चिम मॉनसून वर्षा पूर्वानुमान जारी किया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के प्रादेशिक कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।

**<u>प्रकाशन</u>**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **अप्रैल 2022 - जुलाई 2022** | **अगस्त, 2022** | **कुल** | **अप्रैल 2022 - जुलाई 2022** | **अगस्त, 2022** | **कुल** |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 58 | 15 | 73 | 5 | 4 | 9 |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 27 | 10 | 37 | 1 | - | 1 |
| ध्रुवीय विज्ञान | 14 | 3 | 17 | - | - | - |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 23 | 6 | 29 | 1 | - | 1 |
| कुल | 122 | 34 | 156 | 7 | 4 | 11 |

**माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग**

| पोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 5 | 26 | 0 |
| सागर मंजूषा | 0 | 31 | 0 |
| सागर तारा | 5 | 26 | 0 |
| सागर अन्वेषिका | 0 | 31 | 0 |
| सागर कन्या | 0 | 31 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**अनुलग्नक II**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली 110 003

दिनांक: ...............अगस्त, 2022

प्रमाण पत्र

(माह अगस्त2022 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति अगस्त, 2022 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -10 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -02 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -01 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -00 |

(इंदिरा मूर्ति)
संयुक्त सचिव
js.moes@gov.in